www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार,14 फरवरी 2026

सुविचार



इस दुनिया में सम्मान से जीने का सबसे महान तरीका है कि हम वो बनें जो हम होने का दिखावा करते हैं।

-सुकरात

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**


- आज आधी रात से बदल जाएगी यातायात व्यवस्था II
- महाशिवरात्रि कल, श्रवण नक्षत्र में पूजा फलदायी III
- इकाना में टीमों ने जमकर किया अभ्यास IV


## शहर में आज



- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में गोंडा व बांदा जिले के अभ्यर्थियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी की भर्ती रैली– 7 :00 बजे।
- अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से कॉर्डिकॉन सम्मेलन– 10 :00 बजे से।
- राजेंद्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी की ओर से अंतरराष्ट्रीय सेमिनार– 10 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की वाद–विवाद एवं संवाद समिति की ओर से तर्क 2026 का आयोजन– 10 :00 बजे से।
- केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल फेज–2 में पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, इंडियन चेस्ट सोसाइटी और पल्मोक्रिट फाउंडेशन के तत्वावधान में एडवांस्ड इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी सम्मेलन– 10 :30 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से "भारत में सतत विकास लक्ष्य एवं आर्थिक विकास : उपलब्धियां और भावी चुनौतियां" विषय पर संगोष्ठी– 11 :00 बजे से।
- आलमबाग के आजाद नगर स्थित आदर्श भारतीय विद्यालय में क्राफ्ट एवं साइंस एक्सिबिशन का आयोजन– 2 :00 बजे से।
- आर्यनगर, मोती नगर स्थित उपकारम करोति दयानंद सेवा संस्थान में ज्योति कलश संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम– 2 :30 बजे से।
- निशातगंज के पेपरमिल कॉलोनी स्थित कैफी आजमी अकादमी सभागार में जन विचार मंच का सेमिनार– 3 :30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# कंडम कूड़ा गाड़ियों से नियम धुआं-धुआं

## 77 वार्डों में चलाई जा रहीं 300 मानक विहीन गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- कई कूड़ा वाहनों के तो कागज तक नहीं, कुछ में नंबर भी नहीं लिखे
- महापौर दे चुकीं हैं कंडम वाहनों को हटाने का आदेश

**अमृत विचार :** बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र के वाहन चलाने पर भारी-भरकम जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन शायद ये नियम सरकारी संस्थाओं से जुड़े वाहनों पर प्रभावी नहीं है। तभी तो नगर निगम की एक या दो नहीं लगभग 300 कूड़ा उठाने वाले वाहन धुआं उगलते दौड़ रहे हैं। कंडम हो चुके इन वाहनों में कई में तो नंबर प्लेट भी नहीं है। हजरतगंज, नगर निगम मुख्यालय समेत 77 वार्डों में ये वाहन उच्चतम न्यायालय के आदेशों और प्रदूषण नियंत्रया बोर्ड की गाइड लाइन को अंगूठा दिखा रहे हैं, लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

नगर निगम की लगभग 300 कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां प्रदूषण फैल रही हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल और तत्कालीन मंडलायुक्त रोशन जैकब ने इन गाड़ियों को हटाने के आदेश नगर निगम के अधिकारियों को दिए थे। किंतु अधिकारियों ने आदेशों का अनुपालन नहीं किया। नगर निगम के जोन-1, 3, 4, 6 और जोन-7 के 77 वार्डों में अभी भी इन खटारा वाहनों से ही कूड़ा उठाया जा रहा है। इन वाहनों को नगर निगम के आरआर विभाग स्थित टंकी और निर्धारित पेट्रोल पंपों से डीजल दिया जाता है।



बिना नंबर वाली नगर निगम की कूड़ा गाड़ी। अमृत विचार



### निजी कंपनियां लगा रहीं ई-वाहन नगर निगम दौड़ा रहा डीजल वाहन

- नगर निगम ने शहर के कूड़ा प्रबंधन से लेकर डोर–टू–डोर कलेक्शन के लिए निजी कंपनियों को काम दे दिया है। पांच जोन में काम देख रही लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) घरों से कूड़ा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल कर रही है वहीं नगर निगम अभी भी वाहनों पर डीजल फूंक रहा है।

### पांच जोन में कार्यदाई संस्थाएं कर रहीं सड़कों की सफाई

- पांच जोन में नगर निगम ने पार्षदों के दबाव में अभी भी एलएसए कंपनी को रोड स्वीपिंग का काम पूरा नहीं दिया है। इन जोनों के 77 वार्डों में 7 मीटर से कम चौड़ी सड़कों की सफाई नगर निगम कार्यदाई संस्थाओं के माध्यम से करा रहा है। नगर निगम इन वार्डों में सड़कों और नालियों की सफाई के साथ कूड़ा पड़ाव घरों तक पहुंचाने के लिए अभी भी खटारा हो चुके डीजल वाहनों का इस्तेमाल कर रहा है।

## केजीएमयू में फेफड़े के कैंसर पर मंथन आज

**अमृत विचार, लखनऊः** केजीएमयू के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, इंडियन चेस्ट सोसाइटी और पल्मोक्रिट फाउंडेशन की ओर से 14 और 15 फरवरी को शताब्दी भवन फेज 2 में एआईपीकॉन 2026 का आयोजन होगा। इसमें अमेरिका से डॉ. आशुतोष सचदेवा, मोहाली से डॉ. डी. बेहरा, डॉ. अजमल खान, डॉ. हरि किशन गोनुगुंटला, डॉ. अर्जुन खन्ना समेत अन्य विशेषज्ञ फेफड़े के कैंसर की पहचान, उसकी स्टेजिंग और आधुनिक इलाज के तरीकों पर मंथन करेंगे। नई दवाओं और उपचार पद्धतियों की जानकारी भी दी जाएगी। दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी शामिल होंगे।

# लखनऊ में आसान नहीं बिजली का कनेक्शन, घिस जातीं चप्पलें

## पैसा जमा करने के बाद महीने से चक्कर लगा रहे आवेदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपकेंद्रों पर नहीं हो रही आवेदकों की सुनवाई, अधिकारी भी मौन
- हेल्पलाइन नंबर 1912 पर भी नहीं मिल रही कोई मदद

**अमृत विचार :** लखनऊ में बिजली कनेक्शन आसान नहीं है। पूरा पैसा जमा करने के बाद भी चप्पलें घिस जाती हैं, लेकिन अधिकारी सुनवाई नहीं करते। 1912 नंबर भी औपचारिक बनकर रह गया है। पावर कारपोरेशन का नियम है कि सभी कागज पूरे होने पर शहरी इलाकों में तीन दिन में नया कनेक्शन दिया जाएगा।किंतु पैसा और सभी कागज जमा करने बाद भी हजारों उपभोक्ता महीने से कनेक्शन के लिए उपकेंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। कई क्षेत्रों में तो लेसा का बुनियादी ढांचा ही तैयार नहीं है। कई स्थानों पर पोल लगाने के बाद केबल नहीं डाली गई है।

इन आधे-अधूरे कामों के कारण गोमतीनगर विस्तार और अमौसी जोन के बाहरी क्षेत्रों में लोग नए कनेक्शन के लिए भटक रहे हैं। लोगों ने हेल्पलाइन नंबर 1912 पर भी शिकायत की, लेकिन उनको वहां से केवल आश्वासन ही मिला।

इस संबंध में मुख्य अभियंता अमौसी जोन महफूज आलम ने कहा कि आवेदन करने के बाद जिन उपभोक्ताओं को कनेक्शन मिलने में देरी हो रही है। ऐसें सभी मामलों की जांच कराकर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**केस 1**



बिजनौर शारदानगर उपकेंद्र के अंतर्गत नटुकर निवासी श्याम किशोर ने बताया कि 30 अक्टूबर को 1,23993 रुपए जमा किए थे। किंतु अभी तक कनेक्शन नहीं दिया गया। उपकेंद्र के सैकड़ों चक्कर लगा चुके हैं। अधिकारियों और हेल्पलाइन नंबर 1912 पर भी शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है।

**केस 2**

गोमतीनगर विस्तार निवासी रचिता ने बताया कि नए कनेक्शन के लिए 10 अगस्त को 65 हजार रुपये जमा किए थे। विभाग की ओर से खंभे तो लगाए गए, लेकिन एबीसी लाइन अभी तक नहीं डाली गई है। इससे कनेक्शन नहीं मिल सका है। कनेक्शन के लिए हर संबंधित अधिकारियों के दरवाजा खटखटा चुके है। अधिकारियों की ओर से जल्द समस्या के निस्तारण की आश्वासन दिया जा रहा है।

**केस 3**



बिजनौर बिजनौर नटकुर निवासी अमरनाथ मौर्य सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने 23 अगस्त को नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। सर्वे के बाद 87,500 रुपये का एस्टीमेट बनाया गया। मौर्य ने धनराशि जमा कर दी, लेकिन विभाग की ओर से आर्मड केबल नहीं डाली गई। मौर्य का आरोप है कि केबल तार खरीद कर दिया, तब दीपावली के समय कनेक्शन जोड़कर मीटर लगाया गया। किंतु अभी तक मीटर को फीड ही नहीं किया। मीटर को फीड कराने के लिए छह महीने से उपकेंद्र और अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

## दुर्घटना मुक्त संचालन को लेकर वेबिनार आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में संरक्षा जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटना-मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वेबिनार का आयोजन किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया की उपस्थिति में परिचालन एवं इंजीनियरिंग विभाग के 60 से अधिक लाइन कर्मचारियों ने सहभागिता की। संरक्षा सलाहकारों ने सतर्कता आदेश के प्रकार, ब्लॉक मेमो, सिग्नल विफलता मेमो, इंटरलॉक व नॉन-इंटरलॉक गेटों की कार्यप्रणाली, ऑटोमेटिक गेट संचाल आदि की विस्तृत प्रस्तुति दी।

# तीन माह में शुरू होगा मेट्रो का काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खूबसूरत पौधों से सजाए जाएंगे एलिवेटेड स्टेशन
- हारवेस्टिंग और कूड़ा प्रबंधन होगा हाइटेक

**अमृत विचारः** ईस्ट–वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तेज हो गई है। सब कुछ तय योजना के अनुसार रहा तो करीब तीन महीने बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। परियोजना का संचालन कर रही उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के जन संपर्क अधिकारी पंचानन मिश्रा ने बताया कि एक टेंडर अभी बंद हुआ है और नया टेंडर जारी होने में लगभग डेढ़ महीना लगेगा। टेंडर फाइनल होते ही चयनित कंपनी अपने इंजीनियरों और कर्मचारियों के साथ साइट पर काम शुरू कर देगी।

जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि अभी लगभग 10 से 12 और टेंडर जारी होने हैं। जिनमें सिविल वर्क (सरिया, मौरंग, बेस निर्माण), ट्रेन सप्लाई, पटरी बिछाने का काम, बिजली व्यवस्था, स्टेशन सफाई व क्लीनिंग आदि शामिल है। निर्माण की शुरुआत सिविल स्ट्रक्चर से होगी। स्टेशन तैयार होने के बाद क्लीनिंग और मेंटेनेंस से जुड़े अलग टेंडर जारी किए जाएंगे। चारबाग से वसंतकुंज तक 12 किमी आधुनिक कॉरिडोर में सात भूमिगत स्टेशन और पांच एलिवेटेड स्टेशन होंगे। कॉरिडोर के एलिवेटेड स्टेशनों को हरियाली से सजाया जाएगा।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर न केवल ट्रैफिक जाम से राहत देगा, बल्कि लखनऊ को एक ग्रीन, आधुनिक और स्मार्ट सिटी के रूप में नई पहचान भी देगा। आने वाले वर्षों में यह परियोजना शहर की जीवनरेखा साबित होगी।

### डिपो में हाईटेक जल प्रबंधन और जीरो डिस्चार्ज

- पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डिपो में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिसमें जीरो डिस्चार्ज सिस्टम( डिपो से बाहर गंदा पानी नहीं जाएगा)। ड्यूल प्लंबिंग सिस्टम– ताजे और रीसाइकल पानी के लिए अलग पाइपलाइन। एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट)– वॉशरूम, किचन और सफाई के पानी का शोधन। ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट)– ट्रेन वॉशिंग व मेंटेनेंस के पानी का उपचार। संयुक्त एसटीपी–ईटीपी यूनिट–कम जमीन और ऊर्जा में अधिक दक्षता, पानी का पुन: उपयोग। व्यापक जल भंडारण व्यवस्था–ट्रांसपोर्ट नगर डिपो की तर्ज पर आधुनिक सिस्टम।

## सिटी ब्रीफ

### एनएसयूआई ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर छात्रों पर 2 हजार रुपया अतिरिक्त विलंब शुल्क वापस लेने की मांग की। कुलसचिव को एनएसयूआई ने ज्ञापन सौंपकर छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। इकाई अध्यक्ष राणा सुधांशु, अंकुश, गोपी, अली, दिव्यांश सुधीर, अंश आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ओलिव द पब्लिक स्कूल परिसर में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें 219 विद्यार्थियों और 112 अभिभावकों की जांच कर दवा दी गई। त्वचा रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ , किडनी रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक और नेत्र रोग विशेषज्ञ ने सेवाएं प्रदान कीं। प्रधानाचार्या अलबिना वसीम ने आभार जताया।

### आज खुले रहेंगे कार्यालय, जमा करें गृहकर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** 14 फरवरी को नगर निगम एवं जलकल विभाग के सभी जोनल कार्यालयों एवं वसूली कैंपों में नियमित रूप से कार्य होगा। विभाग ने अपील की है कि लोग अवकाश के दिन अपना बकाया गृहकर, वाटर टैक्स एवं सीवर टैक्स कार्यालय पर जमा करें। इससे राजस्व संग्रह में वृद्धि से शहर की मूलभूत सुविधाओं के विकास और रखरखाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### जीएम ने किया स्टेशन के प्रवेश द्वार का निरीक्षण

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे के जीएम अशोक कुमार वर्मा ने चारबाग स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति और यात्री सुविधाओं से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की गई। बताया गया कि 420 .7 करोड़ की स्वीकृत लागत से निर्माण कार्य जारी है और इसे 30 सितंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा, मुरादाबाद की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव और रेल लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर पावस यादव भी उपस्थित रहे।

# खाली भूमि पर बनेंगे मैरिज लॉन व पार्किंग

## महापौर सुषमा खर्कवाल ने दिए खाली भूमि का सीमांकन कराकर बाउंड्रीवाल कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम खाली पड़ी अपनी भूमि पर मैरिज लॉन, सामुदायिक सुविधाएं, पार्किंग, व्यावसायिक उपयोग व अन्य परियोजनाएं विकसित करेगा। इससे लोगों को सुविधा मिलेगी और नगर निगम की आय बढ़ेगी। शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-8 के ग्राम हरिहरपुर एवं अंसल खेवली का निरीक्षण किया। खाली भूमि के संरक्षण व सदुपयोग के निर्देश दिए।

महापौर ने नगर निगम की परिसंपत्तियों की स्थिति का जायजा लिया। हरिहरपुर एवं खेवली गांव में नगर निगम की खाली पड़ी भूमि का स्थलीय अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों से भूमि की वर्तमान स्थिति, स्वामित्व अभिलेख, सीमांकन और उपयोग की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाली पड़ी भूमि तत्काल सीमांकन कराते हुए तारबाड़ एवं बाउंड्री वॉल कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की संपत्तियों का संरक्षण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। खाली पड़ी भूमी योजनाबद्ध तरीके से सदुपयोग किया जाए, इससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके। सुझाव दिया कि आवश्यकता के अनुसार इन स्थलों पर सामुदायिक सुविधाएं, पार्किंग, व्यावसायिक उपयोग अथवा अन्य राजस्व सृजन से संबंधित परियोजनाएं विकसित की जा सकती हैं। नगर आयुक्त ने संबंधित विभागों को भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण कर रिपोर्ट मांगी।



ग्राम हरिहरपुर में निरीक्षण करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त गौरव कुमार।

**समीक्षा बैठक** — मंडलायुक्त ने एलडीए को दिए नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश

# पार्कों के आय–व्यय की रिपोर्ट दें एलडीए–समितियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय में लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं स्मारक समिति की ओर से संचालित पार्कों के संबंध में बैठक की। इसमें रख-रखाव, क्रिया कलापों एवं संचालन पर जोर दिया। निर्देश दिए कि पार्कों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ खराब लाइटें, फव्वारे और अन्य उपकरण तत्काल ठीक कराएं। प्रत्येक पार्क की आय एवं व्यय का विवरण उपलब्ध कराएं।

बैठक में प्रमुख पार्कों जननेश्वर मिश्र पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, राम मनोहर लोहिया पार्क, गोमती रिवर फ्रंट पार्क आदि पार्कों के रख-रखाव, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, हरित क्षेत्र के संरक्षण, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालयों की स्थिति एवं आगंतुक सुविधाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाएं। सीसीटीवी कैमरों के साथ आगंतुकों की सुविधा के लिए स्पष्ट सूचना पट्ट एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाएं जाएं। बच्चों के खेल उपकरणों एवं ओपन जिम की नियमित जांच करके मरम्मत कराएं। हरित पट्टियों की सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए पौधारोपण अभियान को प्राथमिकता दें।



आयुक्त कार्यालय में एलडीए एवं स्मारक समिति द्वारा संचालित पार्कों की बैठक करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत।

### रिपोर्ट से वास्तविक वित्तीय स्थिति का करेंगे आकलन

- मंडलायुक्त ने सचिव विवेक श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि प्रत्येक पार्क की आय एवं व्यय का विस्तृत विवरण तैयार करके प्रस्तुत करें। पार्कों से होने वाली कुल आय जैसे प्रवेश शुल्क, पार्किंग शुल्क, आयोजन शुल्क आदि तथा उसके व्यय जैसे रख–रखाव, विद्युत, जल, सुरक्षा, मानव संसाधन आदि मदों की समेकित समरी प्रस्तुत करें। इससे वास्तविक वित्तीय स्थिति का आकलन किया जा सके। इसके अतिरिक्त ओपन जिम, बच्चों के खेल उपकरण, फव्वारे, लाइटिंग व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, हरित क्षेत्र का रख–रखाव, सांस्कृतिक/सामुदायिक कार्यक्रमों की विस्तृत विवरण भी तैयार करके रिपोर्ट दें। स्पष्ट किया कि रिपोर्ट तथ्यपरक, अद्यतन एवं तुलनात्मक विश्लेषण सहित हो, जिससे सुधारात्मक निर्णय लिए जा सकें।

## भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा व छठ पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग तेज

**अमृत विचार, लखनऊः** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने और छठ महापर्व पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग तेज हो गई है। संगठन पिछले 40 वर्षों से भोजपुरी भाषा, संस्कृति, लोककला, साहित्य और पर्व-त्योहारों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। प्रभुनाथ राय ने कहा कि छठ महापर्व के व्यापक प्रसार के बावजूद भोजपुरी भाषा को अब तक संवैधानिक मान्यता नहीं मिल पाई, जिससे यह अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में साहित्यिक रूप से पीछे है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी समाज के 127 सांसद होने के बावजूद संसद में इस मुद्दे पर अपेक्षित आवाज नहीं उठ पाती। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक सद्भाव संयोजक डॉ. धनंजय ने कहा कि छठ महापर्व सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मानवता का प्रतीक है, इसलिए इसे सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए। संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा की है।

# किराए की विसंगतियों से दुकानों की सीलिंग पर भड़के व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगर विकास मंत्री और महापौर से मिला उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचारः** किराए की विसंगतियों को लेकर सील की गई दुकानों को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल लखनऊ इकाई ने नाराजगी जताई है। अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्याम मिश्रा के नेतृत्व में तालकटोरा रोड, आलमबाग के बड़ी संख्या में दुकानदार नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिले और मांगपत्र सौंपा। इसके बाद महापौर सुषमा खर्कवाल से भेंट की और उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

व्यापारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है तथा लाखों रुपये की नोटिस जारी की गई हैं। किराए निर्धारण में व्याप्त विसंगतियों के कारण दुकानदार बढ़ा हुआ किराया जमा करने में असमर्थ हैं। साप्ताहिक बंदी के दिन नगर निगम द्वारा कई दुकानों को सील कर दिया गया, जिससे व्यापारियों में भय एवं आक्रोश व्याप्त है।

व्यापारियों ने होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सीलिंग की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से स्थगित करने तथा पुराने निर्धारित दर से किराया लिए जाने अथवा व्याप्त विसंगतियों का समाधान किए जाने की मांग की।

इस संबंध में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगर आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता कर सीलिंग की कार्रवाई रोकने एवं सहानुभूतिपूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि नगर निगम एवं व्यापारियों के बीच व्याप्त विसंगतियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर समाधान निकालने की बात कही। साथ ही होली के त्यौहार को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को सीलिंग की कार्रवाई स्थगित रखने के निर्देश भी दिए गए। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह, धर्मपाल अग्रवाल, सुमेश मिश्र, मंगलेश मिश्रा, श्याम मिश्रा, राहुल सिंह, चरण सिंह, पंकज मेहंदी रत्ता, रमन आहूजा, कमलिया, सुनील गुलवानी, शमसुद्दीन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### रिटायर्ड सैन्यकर्मी के घर में लगी आग



**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर 6 सी में गुरुवार आधी रात एक रिटायर्ड सैन्यकर्मी के घर आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के चलते ग्राउंड फ्लोर भड़की आग ने देखते ही देखते घर के सामान को चपेट में ले लिया। घर धुएं से भर गया। दूसरी मंजिल पर सो रहे परिवार की नींद इलेक्ट्रानिक उपकरणों के फटने की आवाज से खुली। रिटायर्ड सैन्य कर्मी आरपी सिंह ने साहस का परिचय देते हुए कटआउट से बिजली सप्लाई बंद की और पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान उनका हाथ झुलस गया। सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घर वालों ने इस घटना की सूचना पुलिस या अग्निशमन विभाग को नहीं दी थी।

### रेस्टोरेंट में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन सेक्टर-9 में गुरुवार को एक रेस्टोरेंट में बाउंड्री फांदकर घुसे चोरों ने मोबाइल और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। जगतखेड़ा निवासी शैलेंद्र यादव का सेक्टर-9 में रेस्टोरेंट है। बुधवार रात करीब 11 बजे रेस्टोरेंट बंद कर कर्मचारी कमरे में सो गए थे। गुरुवार सुबह रेस्टोरेंट खोला गया तो ऑफिस काउंटर का ताला टूटा मिला। गल्ले में रखे पांच हजार रुपये और एक कर्मचारी का मोबाइल फोन गायब था। संचालक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने देर रात आरोपी रोहित यादव निवासी इंदिरानगर को गिरफ्तार कर लिया।

### अस्मिता फुटबॉल टूर्नामेंट मार्च में

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ फुटबॉल संघ के देखरेख में अस्मिता फुटबॉल टूर्नामेंट मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता चौक स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसमें सब-जूनियर और जूनियर महिला वर्ग की टीमें जीत के लिए पूरा दमखम लगायेंगी। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। संघ के सचिव कन्हैया लाल के अनुसार सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के पास सीआरएस और अपना बैंक अकाउंट होना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों के बिना खिलाड़ियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सब-जूनियर वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि वर्ष 2013 और 2014 बीच होनी चाहिए। जूनियर महिला वर्ग में वही खिलाड़ी भाग ले सकती हैं जिनकी जन्म तिथि वर्ष 2011 और 2012 के बीच है।

# आज आधी रात से बदल जाएगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजधानी के सभी शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचेगी। इसे देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शनिवार आधी रात से राजधानी के कई इलाकों में यातायात व्यवस्था बदल जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार देर शाम को डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान एम्बुलेन्स, फायर सर्विस, स्कूल वाहन, शव वाहन को जाने की अनुमति रहेगी। इसके लिए ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर-9454405155 पर सम्पर्क करना होगा।

### यहां रहेगी रोक

- डालीगंज इक्का तांगा स्टैण्ड चौराहा से सामान्य यातायात मनकामेश्वर मंदिर बन्धा रोड़ होते हुये हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की ओर रोक रहेगी।
- मनकामेश्वर मंदिर ढाल तिराहा से किसी प्रकार का यातायात मनकामेश्वर मंदिर की ओर रोक रहेगी।
- नदवा बन्धा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की ओर रोक रहेगी।
- बुद्धेश्वर चौराहा की तरफ से बुद्धेश्वर मंदिर की ओर रोक रहेगी।
- पाल तिराहा की तरफ से बुद्धेश्वर चौराहा की ओर सभी वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे।
- आगरा एक्सप्रेस वे की तरफ से सीतापुर रोड की ओर रोक रहेगी।
- दुबग्गा तिराहा की तरफ से तिकोनिया तिराहा/बाराबिरवा चौराहा की ओर रोक रहेगी।
- बाराबिरवा चौराहा/मानकनगर की तरफ से सीतापुर रोड/दुबग्गा की ओर रोक रहेगी।
- नहर पुल चौराहा (काकोरी मोड़) से वाहन बुद्धेश्वर चौराहा से दुबग्गा चौराहा अथवा तिकानिया तिराहा की ओर रोक रहेगी।
- बालागंज चौराहा से सामान्य यातायात कोनेश्वर मन्दिर/कोनेश्वर चौराहा होते हुये घण्टाघर तिराहा/ चौक चौराहा/चरक चौराहा की ओर रोक रहेगी।
- चरक चौराहा से सामान्य यातायात चौक चौराहा/कोनेश्वर मन्दिर/कोनेश्वर चौराहा होते हुये बालागंज चौराहा की ओर रोक रहेगी।

### यहां से जाएं

- ये वाहन आईटी चौराहा या डालीगंज पुल होकर जा सकेंगे।
- ये वाहन आईटी चौराहा या सुभाष चौराहा होकर जा सकेंगे।
- ये वाहन बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से होकर जा सकेंगे।
- ये वाहन मोहान मोड़ से तिकोनिया तिराहा से बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से होते हुये जा सकेंगे।
- ये वाहन बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से होते हुये जा सकेंगे।
- ये वाहन बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से होते हुये जा सकेंगे।
- ये वाहन नहर पुल चौराहा (काकोरी मोड़) से पारा थाना के सामने से होते हुये तिकोनिया तिराहा, बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से होते जा सकेंगे।
- ये वाहन बालागंज चौराहा से बांये हरीनगर होते हुये बन्धा ग्रीन कोरिडोर मार्ग, कुड़ियाघाट होते हुये जा सकेंगे।
- ये वाहन चरक चौराहा, रूमीगेट चौराहा, कुड़ियाघाट, बन्धा ग्रीन कोरिडोर मार्ग, हरीनगर होते हुये जा सकेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर स्थित एचएएल पेट्रोल पंप के पास गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार निजी चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

मूल रूप से बिहार निवासी गजेंद्र कुमार (40) निजी वाहन चालक था और डूडा कॉलोनी, हरदासी खेड़ा में किराए पर रहता था। पड़ोसी राम प्रताप के अनुसार गजेंद्र डिलीवरी ब्वॉय का भी काम करता था। गुरुवार रात करीब नौ बजे एचएएल पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसा देख राहगीर मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

गंभीर रूप से घायल गजेंद्र को पुलिस राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान मिले मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# स्पा सेंटर में नौकरी की आड़ में गैंगरेप का आरोपी कैफे संचालक गिरफ्तार

## अमेठी और दिल्ली के बाद बाराबंकी की एक और पीड़िता आयी सामने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्पा सेंटर में नौकरी की आड़ में युवतियों को नशीला पदार्थ खिलाकर न्यूड वीडियो बनाकर सामूहिक दुष्कर्म व ब्लैकमेल मामले में गोमतीनगर पुलिस ने आरोपी कमर हयात इदरीसी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कैफे संचालक मूल रूप से बाराबंकी के कोतवाली स्थित आजादनगर का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें दे रही है। वहीं, मामले में शुक्रवार को एक और पीड़िता सामने आयी है। जिसने गोमतीनगर थाने में आरोपियों पर धर्म परिवर्तन समेत गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

मंगलवार को अमेठी निवासी 28 वर्षीय युवती पीड़िता ने अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी और एक एनजीओ संचालिका के साथ गोमतीनगर थाने पहुंचकर आरोपियों राहुल उर्फ मोहम्मद कमरू जमाल और कमर हयात इदरीसी के खिलाफ अश्लील हरकत, निजी पलों को रिकार्ड करना, धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पीड़ित के 161 के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य धाराएं बढ़ा ली थी।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पुलिस की दो टीमों आरोपियों की तलाश में लगायी गयी। सर्विलांस की मदद से शुक्रवार को आरोपी कमर हयात इदरीसी को ग्वारी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश में टीमें दबिशें दे रही हैं। उनका कहना है कि शुक्रवार को अमेठी की पीड़िता अखिल भारत हिंदू महासभा के लोगों व अधिवक्ता के साथ थाने पहुंची। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया था। शनिवार को पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा। बयान के आधार पर अन्य धाराएं बढ़ायी जाएगी।

- अन्य साथियों की तलाश में बाराबंकी और फैजाबाद में दबिशें

इंस्पेक्टर ने बताया कि दिल्ली की युवती ने कहा था कि चार वर्ष पूर्व वह 15 साल की थी। नौकरी की तलाश में थी। सोशल मीडिया के माध्यम से राहुल से संपर्क हुआ। बातचीत होने पर राहुल ने उसे नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर लखनऊ बुलाया था। इसके बाद एक मेंस पार्लर में रिसेप्शन पर नौकरी दिलाई। कोल्डड्रिंक में उसे नशीला पेय मिलाकर अश्लील वीडियो बनाए और फिर वायरल करने की धमकी देकर गलत काम कराए। उसे फैजाबाद, अजमेर भेज दिया था। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर पीड़िता अपने घर दिल्ली भाग गई थी। दिल्ली जाने के बाद भी उसे धमकियां मिलती रही। जल्द ही पुलिस की एक टीम दिल्ली जाएगी। पुलिस वहां दरियागंज थाने में युवती की गुमशुदगी समेत अन्य जरूरी जानकारियां एकत्र करेगी।

### पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप, पांच के नाम सौंपे

- बाराबंकी निवासी 20 वर्षीय युवती ने बताया कि गोमतीनगर स्थित ब्राउन गर्ल कैफे में नशीला पदार्थ खिलाकर न्यूड वीडियो बनाना, गैंगरेप, धर्म परिवर्तन और अन्य अनैतिक काम होते थे। मामले में आरोपी कैफे संचालक कमर हयात इदरीसी, जफर हयात इदरीसी, इरफान, कमरूल हसन उर्फ राहुल, आमिर और अन्य पर दो रिपोर्ट दर्ज की गयी। 11 फरवरी को कैफे सील कर दिया गया। उसके बाद से उसे कई मोबाइल नंबर से कॉल कर लोकेशन पूछते हुए धमकी दी जा रही है। पीड़िता का आरोप है कि गिरोह लखनऊ, बाराबंकी, फैजाबाद व अन्य शहरों में लड़कियों को फंसाकर ब्लैकमेल कर अनैतिक कार्य कराता है। पुलिस ने धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बैंक डिटेल हासिल कर साइबर ठगी के मंगाए 1.43 करोड़

- फंड दिलाने के नाम पर लिया छह लाख का कमीशन भी
- बैंक से खाता फ्रीज का आया मेल तो सामने आई सच्चाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निजी फूड प्रोडक्ट्स कंपनी को विदेशी कंपनियों से फंड दिलाने के नाम पर खुद को वेबटेक कंपनी का एमडी बताने वाले जालसाज ने छह लाख रुपये ठग लिए। इतना ही नहीं, फॉरेक्स अकाउंट खुलवाकर फंड ट्रांसफर कराने का झांसा देकर पीड़ित कंपनी की बैंक डिटेल और जरूरी दस्तावेज भी हासिल कर लिए। कुछ दिन बाद बैंक से खाता फ्रीज होने का मेल आया तो मामले का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने दो दिन में 1.43 करोड़ रुपये की साइबर ठगी कर रकम खाते में मंगाकर अन्य खातों में ट्रांसफर कर ली। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भागीरथी एंक्लेव निवासी रामकुमार श्रीवास्तव अभिदेश्वरी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। वह अपनी कंपनी में निवेश कराकर लखनऊ व आसपास के जिलों में फूड सप्लाई और ऑनलाइन डिलीवरी का विस्तार करना चाहते थे। करीब दो वर्ष पहले उनकी मुलाकात इंदिरानगर निवासी दिलीप कुमार से हुई। दिलीप ने खुद को आईसीएल वेबटेक प्राइवेट लिमिटेड का एमडी बताते हुए निवेश के लिए विभिन्न कंपनियों से लाभांश के आधार पर धनराशि दिलाने का आश्वासन दिया। बदले में 10 प्रतिशत कमीशन तय हुआ।

अप्रैल 2024 में आरोपी ने एक दिन में 60 लाख रुपये का निवेश दिलाने का दावा कर छह लाख रुपये कमीशन के तौर पर ले लिए और टालमटोल करने लगा। एक मई 2025 को फीनिक्स प्लासियो मॉल में मुलाकात के दौरान आरोपी ने चेक दिया और दावा किया कि कनाडा से 28 लाख यूरो की पहली किश्त डोनेशन के रूप में मिल चुकी है। साथ ही अन्य विदेशी कंपनियों से भी बातचीत होने की बात कही।

आरोपी ने फंड ट्रांसफर के नाम पर कंपनी की बैंक डिटेल, चेकबुक, आईडी और पासवर्ड मांगे। उसने कथित अकाउंटेंट पीयूष मनी, सानू श्रीवास्तव और राजेश्वर सिंह से भी मुलाकात कराई, जिनके कहने पर बैंक संबंधी सभी दस्तावेज सौंप दिए गए। बाद में जांच में पता चला कि 28 और 29 मई को कंपनी के खाते में 1,43,54,164 रुपये आए और तुरंत अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। आरोपियों के मोबाइल नंबर बंद मिले।

इसी बीच बैंक से रामकुमार को मेल मिला कि साइबर ठगी के चलते उनका खाता फ्रीज कर दिया गया है। खाते में जमा चेक भी बाउंस हो गया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### रिटायर्ड संयुक्त निदेशक समेत दो के खाते से उड़ाए 24 लाख, साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर ठगों ने रिटायर्ड संयुक्त निदेशक समेत दो लोगों के खातों से कुल 24 लाख रुपये उड़ा लिए। एक मामले में जालसाज ने पेंशन संबंधी जानकारी लेने के बहाने बुजुर्ग की एफडी तुड़वाकर आठ लाख रुपये पार कर दिए, जबकि दूसरे मामले में पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर युवती से 16 लाख रुपये ठग लिए गए। दोनों पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक मामलों की जांच की जा रही है। गोमतीनगर स्थित एल्डिको ग्रीन अपार्टमेंट निवासी 80 वर्षीय डॉ. दया प्रकाश उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं में संयुक्त निदेशक (फूड) के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका पंजाब नेशनल बैंक में दो खाते हैं। नौ फरवरी की दोपहर उन्हें एक कॉल आई, जिसमें खुद को ट्रेजरी कर्मी बताने वाले व्यक्ति ने पेंशन से संबंधित जानकारी ली। बातचीत के दौरान ठग ने गोपनीय जानकारी हासिल कर ली और उनकी एफडी तोड़कर कई किस्तों में खाते से आठ लाख रुपये निकाल लिए। रुपये कटने का मैसेज मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला। दूसरे मामले में इंदिरानगर सेक्टर-24 स्थित कल्याण गार्डेन व्यू अपार्टमेंट निवासी शबाना खातून ने बताया कि 11 जनवरी को उनकी बेटी हिबा को पार्ट टाइम जॉब का मैसेज मिला। संपर्क करने पर उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। शुरुआत में छोटे-छोटे टास्क पूरे कराने के बाद कुछ रुपये दिए गए। बाद में अधिक कमीशन के लालच में टेलीग्राम चैनल पर जोड़कर 'पेड टास्क' के नाम पर सात बार में कुल 16 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। ठगी का एहसास होने पर दोनों मामलों में पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# हनी ट्रैप में फंसाकर मांगे पांच लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कृष्णानगर क्षेत्र में मां-बेटी पर साजिश के तहत युवक को हनी ट्रैप में फंसाने और बाद में पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगा है। रुपये न देने पर माता-पिता पर हमला करने का भी मामला सामने आया है। कोतवाली में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने मां-बेटी समेत चार नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आनंदनगर, कृष्णानगर निवासी काकोली मलिक पूर्व में आजादनगर में किराए के मकान में रहती थीं। उसी मकान के एक हिस्से में स्नेहा कनौजिया, उसकी मां शशि, पिता संजय, नानी रमा कनौजिया और मामा कृष्णा विमल रहते थे। आरोप है कि स्नेहा ने उनके बेटे अभिषेक को हनी ट्रैप में फंसाया और एससीएसटी एक्ट व दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर आर्य समाज मंदिर में जबरन शादी कर ली। सामाजिक बदनामी के चलते काकोली मलिक ने बेटे को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी परिवार उनके बेटे पर दबाव बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने लगा और पांच लाख रुपये की मांग की। 17 अक्टूबर को स्नेहा दो-तीन अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पहुंची और धमकी दी कि यदि बेटे को सुरक्षित देखना है तो पांच लाख रुपये दें, अन्यथा उसे धीमा जहर देकर मार देंगे। विरोध करने पर लोहे की रॉड से दंपति पर हमला कर दिया, जिससे काकोली मलिक के हाथ में फ्रैक्चर हो गया।

इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को स्नेहा कनौजिया, उसकी मां शशि, पिता संजय, नानी रमा कनौजिया, मामा कृष्णा विमल और अन्य अज्ञात के खिलाफ रंगदारी, धमकी और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# झटके खाकर नीचे गिरी लिफ्ट बचे उपाध्यक्ष समेत कई अफसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुरुवार को सीएसआई टॉवर के निरीक्षण में हुई घटना
- एलडीए ने संस्था मेसर्स असलम आगा खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** सीजी सिटी स्थित सीएसआई टॉवर का गुरुवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अफसरों के साथ निरीक्षण किया तो लिफ्ट खराब होकर छठवें मंजिल से झटके खाते हुए नीचे आ गिरी। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। दरवाजा खोलकर सभी को सुरक्षित निकाला गया। इस लापरवाही पर लिफ्ट संचालन करने वाली मेसर्स असलम आगा के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी गई।

उपाध्यक्ष ने सीजी सिटी अंतर्गत अर्बन पार्क, इकाना स्टेडियम के पास मल्टीलेवल पार्किंग, डेढ़ किलोमीटर लंबे नाले का निरीक्षण किया था। इसके बाद उन्होंने मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन शिवहरे समेत करीब छह अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन सीएसआई टॉवर का निरीक्षण किया। यहां एलडीए द्वारा 14 मंजिल के दो आवासीय टॉवर बनाए जा रहे हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष के साथ सभी अधिकारी बी ब्लॉक टॉवर के ऊपर लिफ्ट से निरीक्षण करने पहुंचे। अचानक छठवें मंजिल पर लिफ्ट खराबी के कारण रुक गई और झटके मारते हुए नीचे आ गिरी। दरवाजा भी नहीं खुला। सभी को इंजीनियर और सुपरवाइजर ने सुरक्षित निकाला।

उपाध्यक्ष के निर्देश पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में सम्बंधित संस्था मेसर्स असलम आगा के खिलाफ एफआईआर के लिए तहरीर दी गई। मुख्य अभियंता ने बताया कि लाइट जाने के कारण लिफ्ट बंद हो गई और नीचे आकर खुल गई। किसी तरह का हादसा नहीं हुआ है। लिफ्ट संचालन में गड़बड़ी और इस तरह की घटना आगे न हो इसलिए संबंधित फर्म के खिलाफ तहरीर दी है।

# डीआरआई ने पकड़ी 10 करोड़ की हेरोइन, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नेपाल से दिल्ली व एनसीआर में हेरोइन की सप्लाई करने वाले गिरोह का खुलासा राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने किया। टीम ने बीबीडी के पास से बस से दिल्ली जा रहे एक यात्री को पकड़ा। उसके पास से 10.40 करोड़ की हेरोइन बरामद की है। देर शाम तक खुफिया स्थान पर यात्री से पूछताछ चलती रही। इसके बाद उसको गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

बीबीडी के पास सादी कपड़ों में जब डीआरआई की टीम ने बस को रोका तो पहले उसका कर्मचारी भिड़ गया। जैसे ही जानकारी हुई कि खुफिया एजेंसी की कार्रवाई है। इस पर हाईवे के किनारे बस लगा दी। यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। इसमें एक यात्री की अटैची में पैकेट बरामद हुए। जांच में पता चला कि पैकेट में हेरोइन है। इसके बाद दिल्ली के निवासी संदीप को बस से उतारा गया। डीआरआई की टीम उसे अपने साथ ले गई। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई, तब तक डीआरआई की टीम निकल चुकी थी। आरोपी से लम्बी पूछताछ चली। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी कई सवालों के जवाब डीआरआई की टीम ढूंढ़ रही है, जैसे इस नेटवर्क के पीछे कौन से ड्रग माफिया का सिंडीकेट है, बरामद हेरोइन को कहां पहुंचाना था।

# ज्वैलरी शॉप में सराफ पर पिस्तौल तान लूट का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भिड़ने पर सराफ व कर्मचारी को धक्का देकर बाइक से भागे
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दोनों बदमाश, गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में स्थित एक ज्वैलरी शॉप में असलहे से लैस बदमाशों ने लूटपाट का प्रयास किया। हिम्मत दिखाते हुए सराफ और उनके कर्मचारी ने बदमाशों का मुकाबला किया। खुद को घिरता देख बदमाश दोनों को धक्का देकर असलहे लहराते हुए फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरों में दोनों आरोपी कैद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस पूरे रूट के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

हजरतगंज के लालबाग स्थित हिमरत्न रेजीडेंसी निवासी सराफ अनंत सिंघल की गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर, अवधपुरी खंड-1 में हरिबंश ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। आठ फरवरी की देर शाम करीब आठ बजे दो बदमाश ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे और चांदी के सिक्के दिखाने को कहा। इसी दौरान उन्होंने असलहे निकालकर लूट का प्रयास किया। दुकान में काम करने वाले कर्मचारी विकास ने साहस दिखाते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि अनंत सिंघल ने दूसरे को दबोच लिया। शोर-शराबा बढ़ता देख बदमाशों ने दोनों को धक्का दिया और दोबारा पकड़ने की कोशिश करने पर असलहा निकालकर धमकाने लगे।

इसके बाद दोनों आरोपी दुकान से बाहर भागे। अनंत और विकास ने उनका पीछा किया, लेकिन बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी और असलहे लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने गुरुवार को मामला दर्ज कर लिया। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश बाइक से आते और भागते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### समाचार पत्र कर्मी समेत दो से मोबाइल लूट

- अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज और चिनहट इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने दैनिक समाचार पत्र के कर्मी समेत दो लोगों के मोबाइल फोन लूट लिए। तालकटोरा के आलमनगर स्थित अशोक विहार निवासी अजय कुमार यादव हजरतगंज स्थित एक दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत हैं। गुरुवार देर रात वह कार्यालय के बाहर टहलते हुए मोबाइल पर बात कर रहे थे। जापलिंग रोड स्थित शालीमार के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद हुए हैं और पुलिस जांच कर रही है।वहीं, मूल रूप से मऊ के दोहरीघाट निवासी घनश्याम शर्मा देवा रोड स्थित टाटा मोटर्स में कार्यरत हैं। सात फरवरी की देर रात ड्यूटी से लौटते समय चिनहट के शिवपुरी इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने उनका मोबाइल छीन लिया। छानबीन के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# मरीज की सुरक्षा के लिए टीम वर्क जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एआई मददगार, पर पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डॉ. अजय सिंह ने कहा है कि मरीज की सुरक्षा किसी एक चिकित्सक या स्टाफ की जिम्मेदारी नहीं है। यह पूरी टीम के समन्वय और सतत सीखने पर निर्भर करता है। उन्होंने शुक्रवार को एराज मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित पेशेंट सेफ्टी कॉन्क्लेव-2026 में यह बात कही।

डॉ. अजय ने कहा कि चिकित्सीय पेशे में कॉम्प्लिकेशन और गलती में अंतर समझना जरूरी है। उन्होंने बताया कि मरीज की सुरक्षा में होने वाली 50 प्रतिशत से अधिक गलतियों को रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े अस्पतालों के साथ-साथ पीएचसी और सीएचसी पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वहां गलतियों की संभावना अधिक होती है।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को मददगार बताया, लेकिन स्पष्ट किया कि यह हर मर्ज की दवा नहीं है और इलाज के दौरान होने वाली गलतियों को पूरी तरह नहीं रोक सकता। इसके लिए लगातार सीखने और अपडेट रहने की आवश्यकता है।

एरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अब्बास अली महदी ने कहा कि काम के दौरान गलतियों की संभावना हमेशा रहती है। गलती से सीखें, उसे सुधारें, तभी मरीज की जान बचाना आसान होगा। गलती को अनदेखा न करें, उन्होंने आगाह किया।

इसी अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. गिरधन ज्ञानी ने बताया कि करीब 60 प्रतिशत गलतियां मानवीय चूक के कारण होती हैं। इन गलतियों को रोकने का सबसे कारगर तरीका मॉनीटरिंग बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कई चिकित्सा संस्थानों में पेशेंट सेफ्टी पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे गड़बड़ी की आशंका लगातार बनी रहती है।


काल्वेन तालुकेदार कालेज मैदान पर हुए वीरांगना वाहिनी के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन शामिल उभरती नेतृत्वकारी युवतियां। अमृत विचार

## वीरांगना वाहिनी के सम्मेलन में 40 जिलों से आईं 5000 युवतियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** वीरांगना वाहिनी का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन काल्वेन तेलुकादार कालेज मैदान में आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के 40 जिलों से लगभग 5000 उभरती नेतृत्वकारी युवतियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में संस्थापक ने बताया कि वीरांगना वाहिनी महिलाओं और युवतियों की सामूहिक शक्ति और नेतृत्व को विकसित करने के लिए समर्पित संगठन है। इसका उद्देश्य है हर महिला सुरक्षित, स्वावलंबी और समाज के सकारात्मक परिवर्तन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं। वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना वाहिनी केवल महिला सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रही है। यह संगठन लैंगिक, जातीय और धार्मिक संवाद के माध्यम से समानतापूर्ण समाज का सपना साकार करने का प्रयास कर रहा है।

### सिटी ब्रीफ

### पद्म भूषण स्व. कल्बे सादिक की याद में किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पद्म भूषण स्व. डा. कल्बे सादिक की याद में तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट द्वारा यूनिटी कालेज के आर्गनिक क्लब के सहयोग से पौधरोपण किया गया। चरक हास्पिटल, लालजी टण्डन मार्ग पर हुए इस आयोजन में यूनिटी कालेज, यूनिटी कालेज सेकेण्ड शिफ्ट, न्यू सेण्ट जान्स स्कूल, ताहा स्कूल, एम्स स्कूल आदि के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक हिमांशु ढपोला, जन कल्याण सेवा संस्थान के सचिव राघवेन्द्र मिश्रा, उप्र नान ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव आनन्द कुमार सक्सेना ने पौधे लगाए। यूनिटी कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने जागरूक किया। अमीर अहमद जैदी ने आभार जताया।

### बच्चों को दी गई ओरल हेल्थ की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंटरनेशनल ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डे पर डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ डेंटिस्ट्री की ओर से स्टडी हॉल स्कूल में ओरल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम एवं डेंटल स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया।संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, डीन प्रो. प्रद्युम्न सिंह एवं सीएमएस प्रो. विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. शैली महाजन ने विद्यार्थियों को सही तरीके से टूथब्रश करने की तकनीक का प्रदर्शन कर दैनिक ओरल हाइजीन अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. पद्मनिधि अग्रवाल, डॉ. स्वेता मेहता, डॉ. प्रियंवदा, डॉ. प्रियम ने भी जानकारी दी।

### सीएमओ को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश हेल्थ डैशबोर्ड में लखनऊ जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह शुक्रवार को सम्मानित किए गए। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अध्यक्षता में हुई मंडलीय स्वास्थ्य बैठक मेंआयुष्मान भारत अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, संस्थागत प्रसव, एचएमआईएस, एनसीडी स्क्रीनिंग सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। लखनऊ की एक स्वास्थ्य इकाई का लाइव वीडियो निरीक्षण भी किया गया। अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता ने निर्देशित किया कि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को चिकित्सालयों में 100 प्रतिशत नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए। सभी चिकित्सालय ऑनलाइन पंजीकरण और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। रोगियों का विवरण आभा आईडी आधारित ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से दर्ज किया जाना अनिवार्य होगा।



# महाशिवरात्रि कल, श्रवण नक्षत्र में पूजा फलदायी

### पूजन विधि और लाभ

जल, दूध, दही, घी, शहद व गन्ने के रस से अभिषेक करें। 'ॐ नम: शिवाय' जप, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र, शिव पुराण व शिव तांडव स्तोत्र का पाठ विशेष फलदायी है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस योग में पूजा से रोग मुक्ति, धन लाभ, विवाह बाधा निवारण और दोष शांति के विशेष फल प्राप्त होते हैं।

### चार प्रहर की पूजा

प्रथम प्रहर 5 :58 से 9 :09, द्वितीय 9 :09 से 12 :20, तृतीय 12 :20 से 3 :31 और चतुर्थ 3 :31 से 6 :42 बजे तक रहेगा। रात्रि के चारों प्रहरों में बेलपत्र अर्पित करना पुण्यकारी है।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इस बार फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 15 फरवरी रविवार को है। इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह उत्सव महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि ने चतुर्दशी रविवार को शाम 5:04 बजे 16 फरवरी को शाम पांच बजे तक है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सुबह 6:43 से शाम 7:48 तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के बाद श्रवण नक्षत्र शुरु होगा, जो 16 फरवरी सायं 8:47 तक रहेगा। श्रवण नक्षत्र में शिव पूजन अत्यंत फलदायी माना गया है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:48 से 12:53 तक और अमृतकाल 12:59 से 2:41 बजे तक रहेगा।

### सरस्वती विद्या मंदिर में शिवशक्ति की प्रस्तुति ने समा बांधा


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीगंज सेक्टर क्यू के वार्षिकोत्सव में छात्रों के कार्यक्रम आरम्भ है प्रचण्ड, राजस्थानी नृत्य, इत्ती सी हंसी और शम्भा जी महाराज के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का प्रदर्शन देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में लोकरंग के साथ लोक संगीत, ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति के साथ आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया गया। भगवान राम की स्तुति और बेटी को बचाने की लघु नाटिका दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर बच्चों की स्वनिर्मित वस्तुओं की कला वीथिका में बच्चों का हुनर और रूचि का अद्भुत संगम देखने को मिला। वार्षिकोत्सव की थीम स्नेहांकुर नाम प्रस्तावित करने वाली नन्हीं बालिका प्रनवी को मुख्य अतिथि अपरिमेय श्यामदास प्रभु ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने स्वागत परिचय अतिथियों का किया। मुख्य अतिथि अपरिमेय श्यामदास विद्याभारती के संरक्षक पद्मश्री ब्रह्मदेव शर्मा ' 'भाई जी' ', सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकान्त, क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र व भाजपा नेता नीरज सिंह उपस्थित रहे।

### शिवरात्रि पर फलाहारी व खीर की सेवा होगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सपना गोयल की अगुवाई में चिनहट फैजाबाद मार्ग के पास कांवड़ियों के लिए फलाहारी जलपान और खीर सेवा का आयोजन किया गया। सपना ने कांवड़ियों की सेवा कर सेवा परमो धर्मः का संदेश दिया। भगवान महादेव का आकर्षक दरबार सजाया गया और कांवड़ियों के विश्राम, स्नान और उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिवरात्रि महापर्व पर विश्व शांति और राष्ट्र उत्थान के लिए रविवार को चिनहट स्थित श्री परमानंद हरि हर मंदिर परिसर में हवन पूजन होगा।


विश्व रेडियो दिवस पर गोष्ठी में लोगो को संबोधित करते पद्मश्री अनिल रस्तोगी, मंच पर मौजूद अन्य अतिथि। अमृत विचार

# सभी को समझनी होगी बिन पानी सब सून की बात : डॉ. अनिल

विश्व रेडियो दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर ब्लू ड्रॉप फाउंडेशन और रेडियो फ्रेंड्स फ़ॉर एयर की ओर से शुक्रवार को जल संरक्षण को समर्पित वेब रेडियो ब्लू ड्रॉप की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का आयोजन यूपी प्रेस क्लब में किया गया। पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी और डॉ. सतीश ग्रोवर ने इसकी शुरुआत की।

ब्लू ड्रॉप फाउंडेशन की निदेशक डॉ. मीनू खरे ने बताया कि आकाशवाणी में सेवा के दौरान उन्होंने जल संरक्षण पर 367 दिन की श्रृंखला चलाई थी। इस श्रृंखला ने लोगों को पानी के लिए बहुत जागरूक किया। यही वजह है कि पानी की जरूरत को याद कराने के लिए यह शुरुआत की है। पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी ने मीनू खरे की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा कि मैं रेडियो से 1971 से जुड़ा हूं। उन्होंने बताया कि सीडीआरआई में नौकरी के दौरान उन्होंने पानी की कमी की समस्या पर काम किया था। बिन पानी सब सून की बात सभी को समझनी होगी।

आकाशवाणी के पूर्व निदेशक डॉ. सतीश ग्रोवर ने कहा कि अब तो चांद पर पानी की तलाश चल रही है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण तभी संभव है जब जनमानस इससे जुड़े। उन्होंने कहा कि रेडियो की पहुंच वहां तक जहां इंटरनेट की पहुंच भी नहीं है।रेडियो के जरिये जल संरक्षण की दिशा में अच्छा काम हो सकता है।

इस मौके पर आरजे देवेंद्र, विकास श्रीवास्तव, निवेदिता श्री, डॉ. वेंकटेश दत्ता, आरजे कनिका, स्वाती, शोभित और कुमुद सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### 'शो योर टैलेंट' में दीं प्रस्तुतियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व रेडियो दिवस पर शुक्रवार को लखनऊ मेट्रो ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया। मेट्रो की 'शो योर टैलेंट' पहल के तहत हुए कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध उद्घोषणा "बहनों और भाइयों, मैं आपका दोस्त अमीन सायानी बोल रहा हूं.." से हुई। कलाकार नवीन कोहली ने महान रेडियो प्रसारक अमीन सायानी की शैली में प्रस्तुति देकर श्रोताओं को पुरानी यादों में पहुंचा दिया। उन्होंने लोकप्रिय कार्यक्रम बिनाका गीतमाला का उल्लेख करते हुए गीतों का रोचक अंदाज में परिचय कराया और उनसे जुड़ी दिलचस्प जानकारियां साझा कीं। इसके बाद सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। जज्बा लाइव समूह के कलाकार डॉ. विश्वास वर्मा ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पूरे आयोजन के दौरान यात्रियों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# हृदय के उपचार में नई ऊंचाइयां छू रहा लारी : ब्रजेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में आयोजित दो दिवसीय 'कॉर्डिकॉन 2026' के पहले दिन शुक्रवार को शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि केजीएमयू आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा रहा है। यहां न केवल प्रदेश और देश, बल्कि पड़ोसी देशों से भी मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ दिन-रात सेवा कर मरीजों की जिंदगी बचा रहे हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित सम्मेलन में देशभर से आए विशेषज्ञों ने नवीनतम शोध और उपचार पद्धतियों पर चर्चा की और अनुभव साझा किए। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने भी विचार रखे।

### डायबिटीज, मोटापा और बीपी से बढ़ रहा दिल की बीमारी का खतरा

लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेट्ठी ने कहा खराब खानपान और भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण डायबिटीज, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ये तीनों बीमारियां मिलकर हृदय रोग का खतरा कई गुना बढ़ा देती हैं। लापरवाही बरतने पर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. धीमान कहाली ने कहा कि दिल की बीमारी से बचाव के लिए मोटापा नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम करना और संतुलित आहार अपनाना जरूरी है। मीठा और नमक का सेवन सीमित करें तथा फास्ट फूड और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से दूरी बनाएं। डॉ. अक्षय प्रधान ने सलाह दी कि 30 वर्ष की आयु के बाद नियमित रूप से ब्लड शुगर, बीपी और कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए। डॉ. मोनिका, डॉ. अभिषेक, डॉ. आयुष शुक्ला और डॉ. उमेश त्रिपाठी ने भी अपना अनुभव साझा किया।

### स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ जिहाद का फतवा देकर देशव्यापी आंदोलन खड़ा करने वाले अल्लामा फजले हक खैराबादी को लेकर दास्तान गोई की महफिल ऐशबाग स्थित ऑल इंडिया इस्लामिक सेंटर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में देश के उलेमाओं का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि अल्लामा फजले हक उन विद्वानों में अग्रणी थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपनी जान की बाजी लगाई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी संबोधित किया। डॉ. सुहेल वहीद ने बताया कि भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भुलाए गए या कम आंका गया योगदान सामने आएगा।

## सिटी डायरी


टीबी मरीजों के साथ चरक इंस्टीट्यूट के लोग।

### 25 टीबी मरीजों को दी पोषण पोटली

**अमृत विचार, लखनऊ :** चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्रबंधन ने 25 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एके सिंघल ने बताया कि जनपद में टीबी मरीजों को पोषणात्मक एवं भावनात्मक सहयोग देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न संस्थान एवं समाजसेवी आगे आकर मरीजों को गोद ले रहे हैं, जिससे उन्हें उपचार अवधि में सहारा और आत्मविश्वास मिलता है। संस्थान की निदेशक रितु सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब समाज के सभी वर्ग मिलकर जिम्मेदारी निभाएंगे। एरा मेडिकल कॉलेज के टीबी रोग नोडल अधिकारी डॉ. रचित शर्मा ने कहा कि टीबी को समय पर जांच व नियमित उपचार से हराया जा सकता है। प्रधानाचार्य डॉ. अनुराधा त्रिपाठी, टीबी यूनिट के एसटीएस श्रीलाल गुप्ता, एसटीएलएस विजय कुमार मौर्य, टीबी एचवी सुरेश कुमार उपस्थित रहे।


स्वास्थ्य अधिकारी को प्रमाणपत्र देते सीएमओ।

### अधीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. एनबी सिंह ने शुक्रवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा अधीक्षकों, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों, एएनएम, आशा, स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। सीएमओ ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। आप सभी के मेहनत, प्रयासों और समर्पण भाव के कारण ही विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन संभव हो पा रहा है। अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, डीपीएम सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।


साइकिल यात्रियों को स्मृति चिन्ह भेंट करतीं अपर्णा यादव।

### साइकिल यात्रियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग कार्यालय गोमतीनगर में उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने नेपाल के काठमांडू से साइकिल यात्रा पर निकले शुभ प्रसाद शर्मा व यमुना ढकाल का सम्मान किया। यात्रा के जरिये पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकले शुभ और यमुना गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या होते हुए शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। अपर्णा ने अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उन्होंने साइकिल यात्रा की सराहना करते हुए दोनों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सनातन गोरखा कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह, महामंत्री शानूमल्ल कौशल मौजूद रहे।


काल्विन पब्लिक स्कूल के निदेशक को सम्मानित करते अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

### निदेशक को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजीव नगर तेलीबाग स्थित काल्विन पब्लिक स्कूल के निदेशक विनोद पांडेय का नए वर्ष के शुभ अवसर पर अवध वृन्दावन डेवलपमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के द्विवेदी और समाजसेवक मो शकील ने निदेशक विनोद पांडेय को अंग वस्त्र पहनाकर संगठन की डायरी व कैलेंडर भेंट किया संगठन के पदाधिकारियों ने भी पांडेय का उत्साह वर्धन करते हुए सराहना की।

व्यापारिक संगठन

आदर्श व्यापार मंडल की गणेशगंज–नाका बाजार इकाई ने किया आयोजन

# सेमिनार में व्यापारियों को सिखाए स्मार्ट ट्रेडिंग के गुर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** परंपरागत पुराने बाजारों की ओर ग्राहकों का रुख मोड़ने, रिटेल सेक्टर के व्यापारियों के व्यापार को बचाने एवं बढ़ाने, ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के अभ्यस्त हो गए ग्राहकों में पैठ बनाने के लिए शुक्रवार को गणेशगंज में एक "ट्रेडर्स सेमिनार" का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से आयोजित की गई इस सेमिनार में व्यापारियों को प्रशिक्षित किया गया। राजधानी की विभिन्न बाजारों में संगठन की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को बताया कि पुराने बाजारों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण ग्राहक यहां आने से कतराते हैं। पार्किंग हर हाल में देनी होगी। ग्राहकों को वापस बाजारों की ओर मोड़ने के लिए स्मार्ट मार्केट, स्मार्ट ट्रेडिंग पर जोर देना होगा।

ई-कॉमर्स कंपनियों के प्लेटफार्म से निम्न गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री किए जाने से कुछ ग्राहक माल कल्चर से दूरी बनाने लगे हैं। बाजारों में कार्निवल लगाकर सामूहिक लकी ड्रा एवं छूट की योजनाएं चलाकर वापस बाजारों की ओर ग्राहकों को लाना होगा।

एनीटाइम रिफंड, एनीटाइम एक्सचेंज की शैली भी अपनानी होगी। इसमें फाइनेंस, स्मार्ट ट्रेडिंग, स्मार्ट मार्केट, एमएसएमई, सिबिल स्कोर, सेल्फ ई-कॉमर्स प्लेटफार्म, क्लस्टर परचेसिंग, व्यापारी सुरक्षा एवं साइबर क्राइम के विषय पर चर्चा हुई। गणेशगंज- नाका बाजार इकाई के अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी, महामंत्री यश सिंह, कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीम कुरेशी ,प्रदीप गुलाटी, साहिल सिद्दीकी ,हरप्रीत सिंह, संजय चौरसिया, अनूप गुप्ता, तरुण मेहता, सूर्य गुप्ता, पप्पू प्यारे, आमिर कुरैशी ,अंबे साहू, पंकज गुप्ता, गीता प्रजापति सहित गणेशगंज, नाका हिंडोला, बशीरतगंज बाजारों के व्यापारी उपस्थित रहे।


ट्रेडर्स सेमिनार में व्यापारियों को संबोधित करते संजय गुप्ता, साथ में अन्य।

### साइबर क्राइम होते ही 1930 पर करें शिकायत

साइबर क्राइम विषय पर बोलते हुए प्रभारी निरीक्षक नाका अभिनव वर्मा एवं उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने साइबर क्राइम की घटना घटने के शुरू के चार घंटे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। साइबर क्राइम होते ही 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत करें। किसी भी अनजान नंबर की वीडियो कॉल ना उठाएं, लालच में आकर कोई लिंक टच न करें, पासवर्ड स्ट्रांग बनाने चाहिए।

### व्यापार को जेम पोर्टल पर लाने के तरीके भी बताए

प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने सेमिनार में एमएसएमई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगर उपाध्यक्ष परवेश जैन एवं मनोज अग्रवाल ने जेम पोर्टल एवं सीमित संसाधनों में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर क्रिएटिव बनाकर अपने डिजिटल शोरूम एवं डिजिटल प्रोडक्ट बनाकर ई–कॉमर्स प्लेटफार्म पर अपने व्यापार को लाने तथा जेम पोर्टल के माध्यम से व्यापार करने के तरीके समझाए।

अमृत विचार

लखनऊ, शनिवार,14 फरवरी 2026



# इकाना में टीमों ने जमकर किया अभ्यास

## रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में दिग्गज कर्नाटक और उत्तराखंड की टीम के बीच होगा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



इकाना स्टेडियम पर अभ्यास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी।



अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर का अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम एक बार फिर घरेलू क्रिकेट के बड़े मुकाबले का साक्षी बनने को तैयार है। 15 फरवरी से यहां रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में दिग्गज कर्नाटक और पहली बार अंतिम चार में पहुंची उत्तराखंड की टीम के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबले से पहले शुक्रवार को दोनों टीमों ने इकाना के बी ग्राउंड पर जमकर अभ्यास किया।

कर्नाटक की टीम इस बार अनुभव और अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी है। अभ्यास सत्र में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने लंबा स्पेल डाला, जबकि आक्रामक बल्लेबाज करुण नायर और युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। टीम प्रबंधन के अनुसार केएल राहुल और मयंक अग्रवाल के भी अभ्यास सत्र से जुड़ने की संभावना है, जिससे टीम की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। कर्नाटक ने क्वार्टर फाइनल में मजबूत मुंबई को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है, जिससे उसका आत्मविश्वास चरम पर है।

दूसरी ओर, उत्तराखंड ने एलीट सी ग्रुप में शानदार प्रदर्शन के बाद क्वार्टर फाइनल में पारी और छह रन से जीत दर्ज कर इतिहास रचा है। युवा खिलाड़ियों से सजी उत्तराखंड की टीम संयम और टीम वर्क के दम पर कर्नाटक की मजबूत बल्लेबाजी और प्रसिद्ध कृष्णा की रफ्तार का सामना करने को तैयार है। मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। सितारों से सजी कर्नाटक की अनुभवी टीम और जोश से लबरेज उत्तराखंड के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद की जा रही है।

### उत्तराखंड की जीत से लखनऊ को मिल सकती है फाइनल की मेजबानी

- यदि उत्तराखंड सेमीफाइनल में कर्नाटक को मात देने में सफल रहता है तो इकाना स्टेडियम रणजी ट्रॉफी के फाइनल की मेजबानी कर सकता है। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के बीच कल्याणी (प. बंगाल) में खेला जा रहा है। नियमों के तहत उस मुकाबले की विजेता टीम को उत्तराखंड के घरेलू मैदान पर फाइनल खेलना होगा। देहरादून स्थित राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को पिच संबंधी कारणों से अनफिट घोषित किया गया है। ऐसे में बीसीसीआई ने लखनऊ को उत्तराखंड का वैकल्पिक घरेलू मैदान निर्धारित किया है। यदि उत्तराखंड फाइनल में पहुंचता है तो लखनऊ दूसरी बार रणजी ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले की मेजबानी करता नजर आ सकता है। अब सबकी निगाहें सेमीफाइनल में उत्तराखंड के प्रदर्शन पर टिकी हैं।

# अनुभव की घातक गेंदबाजी से एलडीए और यूपी टिंबर विजयी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीबीडी ए डिवीजन के मुकाबलों में शुक्रवार को एलडीए कोचिंग सेंटर और यूपी टिंबर क्लब ने शानदार जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। जीशान अंसारी के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत एलडीए जीत दर्ज करने में सफल रहा, वहीं दूसरे मुकाबले में अनुभव श्रीवास्तव की धारदार गेंदबाजी से यूपी टिंबर ने बड़ी जीत अपने नाम की।

डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 155 रन बनाए। शिवा पटेल ने सर्वाधिक 42 रनों का योगदान दिया। एलडीए कोचिंग सेंटर की ओर से मैन ऑफ द मैच जीशान अंसारी ने चार विकेट चटकाकर ट्रंफ की पारी समेटने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलडीए ने चार विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज हिमांशु असनोरा ने 49 गेंदों में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 79 रनों की विस्फोटक पारी खेली। जीशान अंसारी ने भी 56 रन बनाकर जीत सुनिश्चित की।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में यूपी टिंबर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.5 ओवर में 202 रन बनाए। संकेत मौर्या (37), मोहित यादव (47) और विप्रज निगम (35) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। जवाब में उतरी लाइफ केयर क्लब की टीम 19 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। शुभम यादव (19), विनय उपाध्याय (14) और सौमित्र सिंह (10) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। यूपी टिंबर की ओर से मैन ऑफ द मैच अनुभव श्रीवास्तव ने चार विकेट झटककर टीम को 127 रनों की बड़ी जीत दिलाई। दोनों मुकाबलों में गेंदबाजों और सलामी बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन ने मैच का रुख तय किया और विजेता टीमों को पूरे अंक दिलाए।

## सिटी ब्रीफ

### भाषा विवि में कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित महिंद्रा प्राइड क्लासरूम एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न हुआ। यह 6 दिवसीय ऑफलाइन जॉब-ओरिएंटेड सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रेजुएट एवं तकनीकी छात्राओं को प्रोफेशनल और कॉर्पोरेट वातावरण के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को रोजगारपरक कौशल, जैसे जॉब इंटरव्यू की तैयारी, व्यक्तित्व विकास, बॉडी लैंग्वेज एवं प्रोफेशनल ग्रूमिंग, प्रभावी संचार कौशल, ग्रुप डिस्कशन गतिविधियां तथा कार्यस्थल पर आवश्यक व्यवहारिक कौशल का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### प्रज्ञान चलाएंगे इंफोसिस व एचसीएल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में तकनीकी शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए 23 से 27 फरवरी तक 5 दिवसीय 'एआई प्रज्ञान' फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एचसीएल, इंफोसिस और जीयूवीआई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीमित 50 शिक्षकों को ही "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर अवसर दिया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 17 फरवरी निर्धारित की गई है। शिक्षकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी व्यापक रूप से साझा करें और अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें।

### लीग के लिए राजधानी में ट्रायल आज व कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेल के मैदान पर क्रिकेट और भारतीय संस्कृति के अनूठे संगम के साथ सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) के पहले सीजन की शुरुआत होने जा रही है। लीग के लिए ट्रायल 14 और 15 फरवरी को लखनऊ स्थित यार्कर क्रिकेट एकेडमी में आयोजित किए जाएंगे।आयोजकों के अनुसार 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा लेकर अपना हुनर दिखा सकते हैं। यह लीग सनातन क्रिकेट क्लब की देखरेख में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के खिलाड़ियों को अवसर दिया जाएगा। लीग के विजेता दल को 31 लाख रुपये और उपविजेता टीम को 15 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### बालिका हॉकी टीम के गठन को ट्रायल 18 से

**अमृत विचार,लखनऊ :** खेल विभाग की देखरेख में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 23 से 28 फरवरी तक गोरखपुर स्थित वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लखनऊ मंडल टीम के गठन को चयन ट्रायल गोमती नगर विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। 18 फरवरी को जिला स्तरीय और 19 फरवरी को मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किये जायेंगे।

### जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता 16 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेल निदेशालय और क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के मौके पर जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्म श्री मो. शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर आयोजित की जायेगी। दो दिवसीय प्रतियोगिता 16 और 17 फरवरी को खेली जायेगी। प्रतियोगिता में 15 से 20 वर्ष तक की आयु के बालक ही हिस्सा ले सकते हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा के अनुसार भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी लखनऊ के उपक्रीड़ाधिकारी रंजीत राज से संपर्क कर सकते हैं।

### क्रिश्चियन कॉलेज और जेएनपीजी में खिताबी भिड़ंत आज

**अमृत विचार , लखनऊ :** सुंदरी देवी अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जेएनपीजी कॉलेज और लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज के बीच शनिवार को खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। जेएनपीजी ग्राउंड पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में जेएनपीजी कॉलेज ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 22 रनों से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेएनपीजी कॉलेज ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए।

### ओम और नेहा बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस

**अमृत विचार, लखनऊ:** बप्पा श्री नारायण वोकेशनल (बीएसएनवी) पीजी कॉलेज की 55वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन शुक्रवार को आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 5000 मीटर रेस, सेक रेस के साथ विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबलों में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस वर्ष छात्र वर्ग में ओम सिंह और छात्रा वर्ग में नेहा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की निरंतरता, अनुशासन और खेल भावना ने सभी को प्रभावित किया। आयोजन का मुख्य आकर्षण टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के बीच खेला गया क्रिकेट मैच तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता रही। स्टाफ के बीच हुए रोमांचक मुकाबले का दर्शकों ने जमकर आनंद लिया ।

# यूजीसी के समर्थन में छात्रों ने निकाला मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




हाथों में चित्र लेकर प्रदर्शन करते छात्र संगठनों के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में वामपंथी, समाजवादी और अंबेडकरवादी विचारधारा से जुड़े छात्र संगठनों ने जमकर हंगामा किया। ये संगठन यूजीसी के नए नियम को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर समता संवर्धन यात्रा निकाल रहे थे। इसकी तैयारी सप्ताह भर से की जा रही थी और छात्रों से यात्रा में शामिल होने की अपील की जा रही थी।

समता संवर्धन मार्च निकलने से पहले ही पुलिस ने छात्रों को घेर लिया और उन्हें अपनी गाड़ियों में बैठाना शुरू कर दिया। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच नोकझोंक होती रही। पुलिस ने छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर से बाहर नहीं जाने दिया, जिसके बाद आंदोलनकारी जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। मार्च विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से शुरू होकर गेट नंबर 1 तक जाना था, लेकिन उससे पहले ही उसे रोक दिया गया। छात्रों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को एक अलग और कानूनी रूप से कार्रवाई योग्य संस्थागत उल्लंघन के रूप में मान्यता देने की मांग की। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकार किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव और उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों में लगभग 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मार्च में आइसा, एनएसयूआई, एससीएस, बीएएसएफ, एसएफआई, बाप्सा, युवा और अंबेडकरवादी विद्यार्थी संघ सहित कई छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी एक्ट के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

# मधुमेह और तनाव से भी हो रही है फैटी लीवर की समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- देश में फैटी लिवर का बढ़ता खतरा, 40 प्रतिशत वयस्कों में आशंका

**अमृत विचार :** देश में फैटी लिवर की समस्या तेजी से गंभीर रूप ले रही है। सीएसआईआर के अध्ययन 'फिनोम इंडिया कोहोर्ट' में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। देश के लगभग 40 प्रतिशत वयस्क मेटाबोलिक डिसफंक्शन एसोसिएटेड स्टीएटोटिक लिवर डिजीज (एमएएसएलडी) से प्रभावित हो सकते हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और बढ़ते तनाव से जुड़ी मानी जा रही है। देशभर में 10 हजार से अधिक वयस्कों पर किए गए इस पैन-इंडिया अध्ययन में पाया गया कि चार में से एक से अधिक व्यक्ति के लिवर में असामान्य रूप से वसा जमा हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह रोग लंबे समय तक बिना लक्षण के बढ़ता है, इसलिए इसे 'साइलेंट क्राइसिस' भी कहा जा रहा है।

अध्ययन में यह भी सामने आया कि एमएएसएलडी से ग्रस्त 4.1 प्रतिशत मरीजों में लिवर में स्कारिंग (दाग) पाई गई, जो आगे चलकर सिरोसिस और गंभीर लिवर रोग का कारण बन सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि मोटापा, मधुमेह और अनियमित जीवनशैली इस बीमारी के सबसे बड़े जोखिम कारक हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि समय रहते जागरूकता, नियमित जांच और जीवनशैली में सुधार बेहद जरूरी है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और वजन नियंत्रण से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### भातखण्डे संस्कृति विवि में दो दिवसीय तबला कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे की स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत तालवाद्य विभाग द्वारा दो दिवसीय तबला कार्यशाला सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारम्भ गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर द्वारा पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित प्रो. नीलू शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्र एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक संगतक र्ता के साथ विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रथम दिवस में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. नीलू शर्मा रहे।

# विकास में हरित रसायन, नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका: मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




कॉन्फ्रेंस मे बोलते इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के मंत्री सुनील कुमार शर्मा ।

- नवयुग कन्या महाविद्यालय में 'सस्टेनेबल फ्यूचर' पर सेमिनार आयोजित

**अमृत विचार:** नवयुग कन्या महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा ब्रिजिंग डिसिप्लिन्स थ्रू केमिकल साइंस फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि सतत विकास में हरित रसायन, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने करते हुए पर्यावरण अनूकूल तकनीक की जरुरत पर बल दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय मुख्य वक्ता के रूप में दक्षिण अफ्रीका के प्रो. श्रीकांत बी. जोनालगड्डा ने सहभागिता की।

प्रो. राजकुमार मित्तल ने विज्ञान व प्रौद्योगिकी को आर्थिक प्रगति का आधार बताते हुए सामाजिक समरसता पर बल दिया। प्रो. जोनालगड्डा ने 'ग्रीन केमिस्ट्री और स्थिरता' विषय पर व्याख्यान देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु सतत अनुसंधान की आवश्यकता बताई। सेमिनार में विभिन्न तकनीकी व पैनल सत्र आयोजित हुए, जिनमें देश-विदेश के विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. सुनीता सिंह और प्रो. सीमा पांडे द्वारा संपादित पुस्तकों तथा स्मारिका का विमोचन भी हुआ। लगभग 200 शोधपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा : उत्तर पुस्तिका में रुपये मिले तो मानी जाएगी नकल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं आरंभ होने जा रही हैं। इस परीक्षा के दौरान यदि किसी छात्र की उत्तर पुस्तिका में रुपये पाए जाते हैं तो बोर्ड उसे नकल सामग्री मानते हुए कार्रवाई करेगा। ऐसे छात्र का परीक्षाफल रोक दिया जाएगा, साथ ही संबंधित कक्ष निरीक्षक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च को सम्पन्न होंगी। निष्पक्षता और गरिमा बनाए रखने के लिए बोर्ड ने यह कदम उठाया है। बोर्ड के सचिव की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कुछ परीक्षार्थी अनजाने में या भ्रामक धारणाओं के कारण उत्तर पुस्तिकाओं के भीतर मुद्रा (धनराशि) नत्थी कर देते हैं। यह न केवल परीक्षा अनुशासन के विरुद्ध है, बल्कि परीक्षार्थी के भविष्य को भी प्रभावित कर सकता है। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षार्थियों को पूर्व में ही स्पष्ट रूप से सूचित किया जाए कि उत्तर पुस्तिका में किसी भी प्रकार की अवांछित सामग्री या मुद्रा रखना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएगा।

प्रस्तुति | केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

# अहिल्या उद्धार देखकर नम हुई दर्शकों की आंखें




नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को परिसर में सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव में अहिल्या उद्धार लघु नाटक देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत सप्ताह, हिन्दी पखवाडा और स्वामी विवेकानन्द जयंती आदि में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का यह वार्षिकोत्सव केवल उत्सव नहीं, अपितु हमारी शैक्षिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना का सजीव प्रतीक है।

इस अवसर पर सह-निदेशक प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, प्रो. पवन कुमार, प्रो. मदन मोहन पाठक, प्रो. गणेश शंकर विद्यार्थी, परिसर के अधिकारी, कर्मचारी, शोध छात्र तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नम्रता पाठक ने विद्यार्थियों को संस्कार, ज्ञान और संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

## सिटी डायरी



परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकलते छात्र।

### आईसीएससी बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) बोर्ड की परीक्षाओं का आरंभ हो गया है। शुक्रवार को 12वीं अंग्रेजी का प्रश्नपत्र छात्रों ने दिया और प्रश्नपत्र देने के बाद छात्र काफी प्रसन्नचित रहे। छात्रों का कहना था कि कल मनोविज्ञान का प्रश्नपत्र था जबकि शुक्रवार को अंग्रेजी का पेपर हुआ। इंटरनल एग्जाम की तुलना में यह प्रश्नपत्र काफी सरल आए जिससे उसे हल करने में अधिक परेशानी नहीं हुई। बोर्ड की दसवी की परीक्षा 17 फरवरी से आरंभ हो रही है, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 फरवरी से आरंभ हो चुकी हैं।



औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करते छात्र-छात्राएं।

### छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्माण आरएमसी सीमेंट एवं कंक्रीट निर्माण इकाई में एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को रेडी मिक्स कंक्रीट के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण तथा आधुनिक कंक्रीट तकनीक की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण में विभाग के संकाय सदस्य के. के. शाह, अभिषेक अवस्थी, आस्था चौरसिया एवं सलमान अंसारी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। उद्योग विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को सीमेंट, एग्रीगेट, जल एवं रासायनिक मिश्रकों के अनुपात, बैचिंग प्लांट की कार्यप्रणाली, स्वचालित मिश्रण प्रणाली, कंक्रीट की गुणवत्ता जांच, तथा परिवहन एवं साइट पर डिलीवरी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. आरके मित्तल व अन्य।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के विधि विभाग की स्पेक्ट्रा मूट कोर्ट समिति द्वारा आयोजित द्वितीय बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 का उद्घाटन किया गया। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन का व्यापक अनुभव प्रदान करना भी है, क्योंकि किसी भी पेशे में ज्ञान, कौशल और नैतिकता अत्यंत आवश्यक होते हैं। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 36 टीमों ने सहभागिता की है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद उपस्थित रहे।



सीएमएस छात्रों का दल।

### सीएमएस छात्र लौटे

**अमृत विचार , लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस का 5-सदस्यीय छात्र दल जापान में आयोजित 'सकूरा साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम' में अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम लहराकर लौट आया। स्वदेश वापसी पर शिक्षकों ने छात्र का स्वागत किया एवं विदेश में देश का गौरव बढ़ाने हेतु बधाई दी। छात्रों में अन्वेशा बाजपेयी, शारन्या अग्रवाल, दर्श चौरसिया एवं ऋतिक दास शामिल हैं। जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक सिद्धार्थ शंकर मिश्रा ने किया।